# Govt. Mukutdhar Pandey College, Katghora

## फीड बैक मूल्यांकन रिपोर्ट

## सत्र 2019-20

महाविद्यालय में सत्र 2019-20 हेतु छात्र-छात्राओं का सभी विभागों के लिए एक आनलाईन गूगल फॉर्म के माध्यम से एक समेकित फीडबैक फार्म भरवाया गया। लगभग सभी संकाय (विज्ञान, कला और वाणिज्य) के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय शिक्षण प्रक्रियाओ एवं व्यवस्थाओं के बारे में अपना मत दिया। छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, अनुशासन का पालन, मुलभुत सुविधाएँ (सुरक्षा, स्वच्छ जल, प्रसाधन), ग्रंथालय एवं अध्ययन एवं अध्ययन प्रकोष्ट की सुविधा, कैरियर बढ़ोत्तरी हेतु एवं छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व कौशल के विकास हेतु सेमिनार तथा वर्कशॉप का आयोजन इत्यादि के सम्बन्ध में मत लिया गया ।

फीडबैक मूल्यांकन से प्राप्त परिणाम के आधार पर महाविद्यालय के IQAC के माध्यम से मूलभूत सुविधाओं का और विस्तार करने का प्रयास किया गया ।

IQAC

Principal
Govt. Mukutdhar Pandey College
Katghora, Distt.-Korba (C. G.)
PRINCIPAL

# Govt. Mukutdhar Pandey College, Katghora

## फीड बैक मूल्यांकन रिपोर्ट

## सत्र 2018-19

महाविद्यालय में सत्र 2018-19 हेतु छात्र-छात्राओं का विभागवार अलग-अलग और संकायवार एक समेकित फीडबैक फार्म भरवाया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय के मूल्यांकन में अपनी सहभागिता फीडबैक फॉर्म के माध्यम से दी। लगभग सभी संकाय (विज्ञान, कला और वाणिज्य) के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय व्यवस्थाओं के बारे में अपना मत दिया। बिजली , पानी, शौचालय, गार्डन, वाई-फाई , केन्टीन, ग्रंथालय एवं खेल-कूद में सम्मिलित होने के समान अवसर के विषय में मत लिया गया।

फीडबैक मूल्यांकन से प्राप्त परिणाम के आधार पर महाविद्यालय के IQAC के माध्यम से मूलभूत सुविधाओं का और सुधार किया गया तथा अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से अध्ययन कार्य हेतु प्रयास पर जोर दिया गया।

Principal
Govt. Mukutdhar Pandey College
Katghora, Distt.-Korba (C. G.)

IQAC

PRINCIPAL

# Govt. Mukutdhar Pandey College, Katghora

## फीड बैक मूल्यांकन रिपोर्ट

## सत्र 2017-18

सत्र 2017-18 के लिए महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का विभागवार फीडबैक फार्म भरवाकर उसका मूल्यांकन किया गया। लगभग सभी विभाग के छात्र-छात्राओं ने शिक्षा, पाठ्यक्रम, ग्रंथालय, शिक्षक-विद्यार्थी सम्बन्ध शिक्षकों के पढ़ाने की विधि, ग्रंथालय में पुस्तकों की उपलब्धता इत्यादि के सम्बन्ध में अपना सकारात्मक मत प्रकट किये| छात्र-छात्राओं ने कुछ सुझाव भी दिए- अध्ययन में आधुनिक तकनीक जैसे स्मार्टबोर्ड, पावर पॉइंट के माध्यम से किया जाय।साथ ही साथ स्नातक में भी स्नातकोत्तर कक्षा की तरह सेमेस्टर सिस्टम किया जाना चाहिए। कमजोर छात्र-छात्राओं को विशेष कोचिंग दिया जाय, जो लगभग प्रत्येक विभाग द्वारा कमजोर छात्र-छात्राओं को दिया जाता हैं। बहुत से छात्र-छत्राओं का मत है की महाविद्यालय में रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम संचालित किया जाय, जैसे- डी.सी.ए. या पी.जी.डी.सी.ए. पाठ्यक्रम।

फीडबैक मूल्यांकन से प्राप्त परिणाम के आधार पर महाविद्यालय के IQAC के माध्यम से छात्र-छात्राओं के शिक्षण कार्य हेतु वाई-फाई स्पॉट लगवाया गया जिससे छात्र तथा छात्राएं इलेक्ट्रोनिक रिसोर्स के माध्यम से अध्ययन कर सकें।

IQAC

Principal
Govt. Mukutdhar Pandey College
Katghora, Distt.-Korba (C.G.)
PRINCIPAL

# Govt. Mukutdhar Pandey College, Katghora

## फीड बैक मूल्यांकन रिपोर्ट

## सत्र 2016-17

महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं से सत्र 2016-17 हेतु विभागवार फीडबैक फार्म भरवाया गया | इन फ़ॉर्म के मूल्यांकन से निम्न विचार छात्रों ने रखे –

- छात्रों ने प्रसाधन कक्ष की आवश्यकता पर बल दिया
- छात्रों ने परम्परागत अध्यापन के साथ साथ दृश्य श्रव्य माध्यम के प्रयोग पर भी अपने विचार रखे।

महाविद्यालय प्रबंधन ने उपरोक्त समस्याओं पर विचार कर जैन भागीदारी समिति की मदद से प्रसाधन कक्ष का जीर्णोद्धार किया। साथ ही प्राध्यापकों हेतु नवीन प्रसाधन कक्ष का निर्माण भी कराया गया । IQAC सतत प्राध्यापकों को प्रोत्साहित एवं मार्गदर्शन देती है कि वे अधिकाधिक ICT तकनीक का प्रयोग कर शिक्षण को और अधिक रुचिकर बनाएँ ।

Principal
Govt. Mukutdhar Pandey College
Katghora, Distt.-Korba (C. G.)

IQAC

PRINCIPAL

# Govt. Mukutdhar Pandey College, Katghora

## फीड बैक मूल्यांकन रिपोर्ट

### सत्र 2015-16

महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का विभागवार फीडबैक फार्म के आधार पर से मूल्यांकन किया गया | महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने निष्पक्ष होकर महाविद्यालय के मूल्यांकन में अपनी सहभागिता फीडबैक फॉर्म के माध्यम से दी | लगभग सभी विभाग के छात्र-छात्राओं ने शिक्षण कार्य, शिक्षकों के पढ़ाने की विधि, ग्रंथालय में पुस्तकों की उपलब्धता इत्यादि के सम्बन्ध में अपना सकारात्मक मत प्रकट किया। साथ ही साथ महाविद्यालय में अध्ययन हेतु कुछ असुविधाए हेतु भी अपना मत प्रकट किया ,जैसे- शिक्षण कार्य में कम्प्यूटर का प्रयोग, आनलाईन उपस्थिति इत्यादि।

फीडबैक मूल्यांकन से प्राप्त परिणाम के आधार पर महाविद्यालय के IQAC के माध्यम से छात्र-छात्राओं के शिक्षण कार्य में और अधिक गुणात्मक सुधार तथा अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से अध्ययन कार्य के प्रयास पर जोर दिया गया। साथ ही साथ छात्र-छात्राओं के उपस्थिति हेतु बायोमेट्रिक मशीन के प्रयोग से पूर्व महाविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति हेतु बायो मेट्रिक मशीन की स्थापना की गयी है।

IQAC

Principal
Govt. Mukutdhar Pandey College
Katghora, Distt.-Korba (C.G.)
PRINCIPAL